विद्यार्थियों में गुणवत्ता एवं कौशल विकास के लिए अग्रवाल महाविद्यालय ने किया करार

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयास को आगे बढ़ाते हुए एवं प्रधान सचिव उच्चतर शिक्षा हरियाणा श्रीमती ज्योती अरोड़ा (आई.ए.एस.) की पहल पर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने विद्यार्थियों में कौशल विकास के लिए CLA Academy of Education एवं EE Council USA से अधिकृत प्रशिक्षण देने वाली संस्था SSDN Technologies, Gurgaon से करार (MOU) पर हस्ताक्षर किए एवं विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया। इसके तहत विद्यार्थियों को पारम्परिक पाठ्यक्रमों के साथ–साथ व्यवसाय–परक कोर्स कराए जाएंगे। जिसमें Digital Marketing, Cyber Security, MS Office एवं Foreign Language कोर्स शामिल हैं। प्रशिक्षण सत्रों में महाविद्यालय के लगभग 400 विद्यार्थियों ने दो दिन विशेषज्ञों से ज्ञान प्राप्त किया एवं अपनी जिज्ञासाओं के बारे में भी एक्सपर्टस से राय ली। इसमें दोनों संस्थाओं के अधिकारियों के अतिरिक्त महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन, श्रीमती किरण आनन्द, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. गीता गुप्ता आदि मौजूद रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी जब अपने नियमित पाठ्यक्रम के साथ–साथ व्यवसाय परक पर एवं कौशल विकास के सर्टिफीकेट कोर्स करेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से रोज़गार कितने में आसानी रहेगी तथा साथ ही उनके मस्तिष्क की शक्ति में वृद्धि होगी, बुद्धि का विस्तार और चरित्र निर्माण होगा। यह विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने का प्रयास है।